आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 26.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

....................

- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा–पश्चिम एशिया संकट पर सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों का सरकार को समर्थन का आश्वासन।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित उड़ान योजना को वर्ष 2026–27 से आगामी दस वर्षो के लिए मंजूरी दी–क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के साथ ही आर्थिक विकास को बढावा मिलेगा।

- प्रदेशभर में आज दुर्गाष्टमी और रामनवमी का पर्व धार्मिक आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

- राज्य में आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सीमावर्ती और शेखावाटी क्षेत्रों में अंधड के साथ बारिश के आसार।

....................

केन्द्र सरकार ने कल पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और अन्य दलों के कई नेता शामिल हुए। बैठक के बाद श्री रिजिजू ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सभी विपक्षी दलों ने इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों में अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने सभी दलों के प्रतिभागी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

....................

सर्वदलीय बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसद में पश्चिम एशिया स्थिति पर दिए गए संबोधन के बाद हुई है। अपने बयान में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने ईरान–इस्राएल–अमरीका संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए ईंधन, आपूर्ति श्रृंखला, उर्वरक और अन्य क्षेत्रों पर रणनीतियां विकसित करने के लिए सात सशक्त समूहों का गठन किया है।

....................

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में 36 करोड टन कच्चे तेल के शोधन की क्षमता है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम पर कल नई दिल्ली में अंतर मंत्रालय प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढोतरी नहीं की गई। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

....................

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने होटलों और रेस्तरां को निर्देश दिया है कि वे उपभोक्ताओं से एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क न लें। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कहा है कि वह देशभर में इस पर कड़ी निगरानी रख रहा है और इसका उल्लंघन करने पर उचित कार्रवाई की जाएगी तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

....................

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी वाली–संशोधित उड़ान योजना को वर्ष 2026–27 से वर्ष 2035–36 तक दस वर्षों के लिए मंजूरी दे दी है। इस पर 28 हजार आठ सौ 40 करोड़ रुपये की लागत आएगी। **कल नई दिल्ली में** मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा अनुपलब्ध हवाई पट्टियों से 100 नए हवाई अड्डों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में आर्थिक विकास, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा किफायती बनेगी।

....................

कैबिनेट ने आव्रजन, वीजा, विदेशी पंजीकरण और ट्रैकिंग–आई.वी.एफ.आर.टी योजना को पांच साल की अवधि के लिए पहली अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2031 तक, 18 सौ करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ जारी रखने को भी मंजूरी दे दी है। आई.वी.एफ.आर.टी प्लेटफॉर्म का उद्देश्य भारत में आव्रजन, वीजा जारी करने और विदेशियों के पंजीकरण से संबंधित कार्यों को आपस में जोड़ना और उन्हें सुव्यवस्थित करना है।

....................

प्रदेश में आज चैत्र नवरात्र के तहत दुर्गाष्टमी और रामनवमी का पर्व धार्मिक आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इन पर्वो की शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां दुर्गा की दिव्य आभा सभी के जीवन में सुख–समृद्धि और आरोग्य लेकर आए। मुख्यमंत्री ने देवी मां से शक्ति और समृद्धि प्रदान करने की कामना की है। आज प्रदेश के विभिन्न देवी मंदिरों में विशेष अनुष्ठान हो रहे है। वहीं राजधानी जयपुर में सुबह से ही मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान राम के बालरूप का पंचामृत अभिषेक कर उन्हें नई पोशाक पहनाई जा रही है। श्री खोले के हनुमान मंदिर में भी राम जन्मोत्सव का उल्लास नजर आ रहा है। शाम चार बजे सूरजपोल अनाज मंडी से शोभायात्रा निकाली जायेगी। ये शोभायात्रा परकोटे के प्रमुख मार्गो से होती हुई चांदपोल स्थित श्रीरामचन्द्र जी मंदिर पंहुचेगी। शोभायात्रा में 35 आकर्षक झांकियां शामिल होंगी, जिनमें रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का सजीव मंचन होगा। राज्य में कई स्थानों पर रामनवमी का पर्व कल भी मनाया जायेगा। इधर प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी दुर्गाष्टमी पर माता के आठवे स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना की जा रही है। अजमेर से हमारी संवाददाता ने बताया कि कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया जा रहा है और उपहार दिये जा रहे है।

....................

करौली के प्रसिद्ध कैलादेवी मंदिर में भक्ति और आस्था का सैलाब देखा जा रहा है। सवाईमाधोपुर और भीलवाडा में भी शक्तिपीठों पर मां दुर्गा का श्रृंगार कर विशेष पूजा अर्चना हो रही है। डूंगरपुर में आज शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसकी तैयारियों को लेकर प्रशासन ओर पुलिस की ओर से कल फ्लैग मार्च निकाला गया। बारां में रामायण पाठ, भण्डारे और कन्या पूजन के कार्यक्रम हो रहे है। वहां जिला मुख्यालय पर एक साथ 641 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया जायेगा।

....................

प्रदेश में आज से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से कई स्थानों पर बादल गरजने और बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल सीमावर्ती और शेखावाटी क्षेत्र में अंधड के साथ बारिश होने के आसार है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 28 मार्च को जोधपुर और बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में अंधड तथा  बारिश की आशंका है। 29 तथा 30 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ का असर ज्यादा रहेगा और कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग ने 31 मार्च को एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार जताये है। इसके असर से राज्य के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ आंधी–बारिश हो सकती है।

....................

संसद ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति–अधिकारों का संरक्षण संशोधन विधेयक, 2026 को पारित कर दिया है। राज्यसभा ने इसे कल मंजूरी दे दी। इससे पहले, मंगलवार को लोकसभा ने विपक्ष के वॉकआउट के बीच ध्वनि मत से विधेयक को पारित किया था। इस विधेयक में ट्रांसजेंडर की परिभाषा को दोबारा निर्धारित किया गया है। साथ ही, स्वयं लिंग पहचान करने के प्रावधान को हटाया गया है और ट्रांसमैस्कुलिन व्यक्तियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।

....................